Chamber of Commerce,
Sustainable Development
and Foreign Relations

प्रेस विज्ञप्ति

डीपीआईआईटी और चैंबर इंडिया के बीच एमओयू

4th मई 2026

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत डीपीआईआईटी ने चैंबर इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करना और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना है।

इस साझेदारी के माध्यम से स्टार्टअप्स को रियायती सदस्यता, निर्यात सुविधा, IPR परामर्श, बिज़नेस मैचमेकिंग और वैश्विक प्रतिनिधिमंडलों में भागीदारी जैसी सेवाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही, आकांक्षी जिलों, उत्तर-पूर्वी राज्यों और अन्य उभरते क्षेत्रों में इनक्यूबेशन एवं स्टार्टअप सहायता केंद्र स्थापित करने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा।

चैंबर ऑफ कॉमर्स, सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड फॉरेन रिलेशंस के अध्यक्ष श्री अभिनव बाल्यान ने कहा:

“इस अवसर पर हम ‘Startup Connect’ की भी घोषणा करते हैं — यह एक ऐसी पहल होगी जिसका उद्देश्य बिज़नेस मैचमेकिंग, इनक्यूबेशन और स्टार्टअप्स के लिए अवसर सृजित करना है। ”

उन्होंने कहा कि झारखंड में भारत का पहला ग्रामीण इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित करने का लक्ष्य है, जिससे एफपीओ और स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विकास के अवसरों से जोड़ा जा सके।

For further enquiries contact hq@chamberindia.org